# महिला विवि में डिग्री पर अब माता का नाम भी होगा दर्ज



सोनीपत में महिला विश्वविद्यालय की छात्राओं की डिग्री पर माता का नाम दर्ज किए जाने की घोषणा करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य। -हप्र

सोनीपत, 7 मार्च (हप्र)

महिला शिक्षा एवं सशक्तीकरण के उद्देश्य से स्थापित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी सम्मान की दिशा में अनूठी पहल की है।

अब महिला विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त करने वाली छात्राओं की डिग्री पर पिता के साथ-साथ उनकी माता का नाम भी दर्ज किया जायेगा। यह शुरुआत विश्वविद्यालय के मई 2023 में पास आउट छात्राओं की डिग्री के साथ की जायेगी।

इस आशय का निर्णय विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश की अध्यक्षता में आयोजित एक विशेष बैठक में लिया गया।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि नारी सम्मान एवं सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध इस विश्वविद्यालय द्वारा यह निर्णय समाज में महिलाओं को एक सम्मानजनक स्थान देने और उनके अति महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करने के लिए लिया गया है। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, डीन छात्र कल्याण प्रो. श्वेता हुड्डा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया, डीन फैकल्टी ऑफ आर्ट एंड लैंग्वेजेज प्रो. अशोक वर्मा, डीन फैकल्टी ऑफ सोशल साइंस प्रो. रवि भूषण, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो. विजय नेहरा, शिक्षा संकाय की डीन डॉ. सुमन दलाल, निदेशक जनसंपर्क ले. कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा मौजूद रहे।

6N/7D Singapore Package
Book now and experience Hassle-free planning with our expert travel advisors of SOTC.
sotc.in Book now

Hindi News

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसः बीपीएस महिला विश्वविद्यालय से पास होने वाली छात्राओं की डिग्री पर अब लिखा जाएगा माता का नाम

कुलपति प्रो सुदेश ने महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करने के लिए की घोषणा।

Girish Saini Mar 8, 2024 08:47



HAMPTON HOMES 300+ FAMILIES STRONG

खानपुर कलां, गिरीश सैनी। महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से स्थापित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी सम्मान की दिशा में एक अनूठी पहल की है। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने बताया कि अब विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त करने वाली छात्राओं की डिग्री पर पिता के साथ-साथ उनकी माता का नाम भी दर्ज किया जाएगा। यह शुरुआत विश्वविद्यालय से मई 2023 में पास आउट छात्राओं की डिग्री के साथ की जाएगी।

WT THE WHITE TEAK COMPANY

इस आशय का निर्णय कुलपति प्रो सुदेश की अध्यक्षता में आयोजित एक विशेष बैठक में लिया गया। कुलपति ने कहा कि नारी सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध इस विश्वविद्यालय द्वारा यह निर्णय समाज में महिलाओं को एक सम्मानजनक स्थान देने और उनके अति महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करने के लिए लिया गया है।

इस दौरान डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज, डीन छात्र कल्याण प्रो श्वेता हुड्डा, परीक्षा नियंत्रक डॉ संदीप दहिया, डीन फैकल्टी ऑफ आर्ट एंड लैंग्वेजेज प्रो अशोक वर्मा, डीन फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो रवि भूषण, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो विजय मेहता, शिक्षा संकाय की डीन डॉ सुमन दलाल, निदेशक जनसंपर्क ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा मौजूद रहे। /(07/03/2024)

Tags: International Women's Day, Mother's name, degrees of students, BPS Women's University

PREVIOUS ARTICLE: भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में लोक साहित्य की अहम भूमिका है: कुलपति प्रो सुदेश

NEXT ARTICLE: बीपीएसएमवी: छात्राओं को दी प्रभावी रिज्यूम राइटिंग तथा कैरियर अवसरों की जानकारी

WHAT'S YOUR REACTION?

| LIKE | LOVE | FUNNY | ANGRY | SAD | WOW |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

RELATED POSTS

कृषि उत्पादन के साथ-साथ प्रोसेसिंग भी करें किसान: कृषि...

किसान नेता राजू मान किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक...

सौन्दर्य और स्वास्थ्य कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

COMMENTS

Name
Email
Comment
I'm not a robot
Post Comment

MONDAY 11TH OF MARCH 2024 11:48:18 AM

POPULAR POSTS
Weekly Posts
Arrests over pro-Pak slogans: No question of embarrassment...
BJP worker murder case: K'taka Police arrest three, detain...
Want to offer 'sashtanga namaskara' to Supreme Court, says...
5 caffeine-free ways to boost energy naturally

FOLLOW US
Facebook Twitter Pinterest Linkedin Youtube Email

RECOMMENDED POSTS
FairPoint: Credibility deficit stymies Rahul's new guarantee...
Training aircraft crashes at Guna airstrip in MP, woman...
5 caffeine-free ways to boost energy naturally
For the adventurous woman solo travelling
IANS Interview: PM Modi has ensured there's no 'Jugaad'...
'Farmers first' policy is Modi govt's resolve to boost...

Skyscanner Guwahati to Shillong from Rs693 More info

CONTACT US
For advertisement, news, article, feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechieFormation
Terms & Conditions Privacy Policy



6N/7D for ₹1 22 408/-
Discover Fascinating Singapore & Visit Sentosa Island & Many More. Book Now
sotc.in
Book now



Hindi News

# बीपीएसएमवी: छात्राओं को दी प्रभावी रिज्यूम राइटिंग तथा कॅरियर अवसरों की जानकारी

Girish Saini Mar 8, 2024 08:49

Facebook Twitter



HAMPTON HOMES BUILDING AN AFFORDABLE TOMORROW 300+ FAMILIES STRONG RERA NO : PBRERA-LDH66-PR0449

खानपुर कलां, गिरीश सैनी। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के सेंटर फॉर स्टार्टअप, इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन (सीएसआईआई) और यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट एंड काउंसलिंग सेल (यूपीएसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कैरियर जागरूकता कार्यक्रम में आईबीएम स्किल हब की रिया ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने छात्राओं को प्रभावी रिज्यूम राइटिंग तथा कॅरियर अवसरों बारे विस्तार से जानकारी दी।

महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने इस आयोजन की सराहना करते हुए आयोजक टीम को शुभकामनाएं दी। सीएसआईआई की नोडल अधिकारी डॉ अंशु भारद्वाज ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन छात्रा अंजली ने किया।

रिया ने महिला विश्वविद्यालय की छात्राओं को रिज्यूम के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि हमारा रिज्यूम हमें कहीं पर भी नौकरी दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए एक सुव्यवस्थित प्रभावी रिज्यूम का निर्माण करना चाहिए। जिससे कि सामने वाले को हमारे बारे में समझने में आसानी हो।

मुख्य वक्ता रिया ने विद्यार्थियों को कौशल विकास के लिए विभिन्न वेबसाइट्स तथा लिंक्डइन आदि एप्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इंटर्नशिप के लिए उपलब्ध वेबसाइट्स तथा एप्स की जानकारी भी छात्राओं के साथ साझा की। उन्होंने स्किल हब वेबसाइट के माध्यम से कोर्स करने का डेमो भी विद्यार्थियों को दिया। उन्होंने विभिन्न कॅरियर अवसरों बारे भी बताया। इस दौरान डॉ. प्रमोद मलिक सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। /(07/03/2024)

Tags: BPSMV girl students effective resume writing career opportunities

PREVIOUS ARTICLE: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस: बीपीएस महिला विश्वविद्यालय से पास होने वाली छात्राओं की...

NEXT ARTICLE: एमकेजेके की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में शिखा बेस्ट एथलीट बनी

WHAT'S YOUR REACTION?

| LIKE | LOVE | FUNNY | ANGRY | SAD | WOW |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

RELATED POSTS

कृषि उत्पादन के साथ-साथ प्रोसेसिंग भी करें किसान: कृषि...

किसान नेता राजू मान किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक...

सौन्दर्य और स्वास्थ्य कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

COMMENTS

Name Email Comment

I'm not a robot

Post Comment

MONDAY 11TH OF MARCH 2024 11:47:51 AM

POPULAR POSTS

Weekly Posts

Arrests over pro-Pak slogans: No question of embarrassment...

BJP worker murder case: K'taka Police arrest three, detain...

Want to offer 'sashtanga namaskara' to Supreme Court, says...

5 caffeine-free ways to boost energy naturally

Skyscanner
Mumbai to Goa
from Rs6,220
More info

FOLLOW US

Facebook Twitter Pinterest Linkedin Youtube Email

RECOMMENDED POSTS



Opinion
FairPoint: Credibility deficit stymies Rahul's new guarantee...

Training aircraft crashes at Guna airstrip in MP, woman...

5 caffeine-free ways to boost energy naturally

For the adventurous woman solo travelling

IANS Interview: PM Modi has ensured there's no 'jugaad'...

'Farmers first' policy is Modi govt's resolve to boost...

CONTACT US

For advertisement, news, article, feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechieFormation

# बीपीएसएमवी : छात्राओं को दी प्रभावी रिज्यूम राइटिंग तथा कॅरियर अवसरों की जानकारी



■ भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के सेंटर फॉर स्टार्टअप, इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन (सीएसआईआई) और यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट एंड काउंसलिंग सेल (यूपीएसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कॅरियर जागरूकता कार्यक्रम में आईबीएम स्किल हब की रिया ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की।

**खानपुर कलां, गिरीश सैनी (ऋषि की आवाज ब्यूरो)।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के सेंटर फॉर स्टार्टअप, इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन (सीएसआईआई) और यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट एंड काउंसलिंग सेल (यूपीएसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कॅरियर जागरूकता कार्यक्रम में आईबीएम स्किल हब की रिया ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने छात्राओं को प्रभावी रिज्यूम राइटिंग तथा कॅरियर अवसरों बारे विस्तार से जानकारी दी।

महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने इस आयोजन की सराहना करते हुए आयोजक टीम को शुभकामनाएं दी। सीएसआईआई की नोडल अधिकारी डॉ अंशु भारद्वाज ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन छात्रा अशली ने किया।

रिया ने महिला विश्वविद्यालय की छात्राओं को रिज्यूम के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि हमारा रिज्यूम हमें कहीं पर भी नौकरी दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए एक सुव्यवस्थित प्रभावी रिज्यूम का निर्माण करना चाहिए। जिससे कि सामने वाले को हमारे बारे में समझने में आसानी हो।

मुख्य वक्ता रिया ने विद्यार्थियों को कौशल विकास के लिए विभिन्न वेबसाइट्स तथा लिंकडइन आदि एप्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इंटर्नशिप के लिए उपलब्ध वेबसाइट्स तथा एप्स की जानकारी भी छात्राओं के साथ साझा की। उन्होंने स्किल हब वेबसाइट के माध्यम से कोर्स करने का डेमो भी विद्यार्थियों को दिया। उन्होंने विभिन्न कॅरियर अवसरों बारे भी बताया। इस दौरान डॉ. प्रमोद मलिक सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में लोक साहित्य की अहम भूमिका है: कुलपति प्रो सुदेश

**खानपुर कलां, गिरीश सैनी (ऋषि की आवाज ब्यूरो)।** भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में लोक साहित्य की अहम भूमिका है। जरूरत है कि इस अनमोल लोक साहित्य को नई युवा पीढ़ी तक पहुंचाया जाए। यह उद्गार भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की कुलपति प्रो सुदेश ने वीरवार को अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। कुलपति प्रो. सुदेश ने आयोजक टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोक साहित्य को बेहतर ढंग से समझने के लिए ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाना आवश्यक है। उन्होंने लोक साहित्य का सरल भाषा में अनुवाद कर जन-जन तक पहुंचाए जाने की बात भी कही।

कल्चरल क्रोनिकल्स- पर्सपेक्टिव्स ऑन फोकलोर एंड माइथोलॉजी विषयक इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कुलपति प्रो. सुदेश ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र का संचालन डीन, फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो रवि भूषण ने किया। प्रारंभ में सम्मेलन निदेशक तथा अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ गीता फोगाट ने स्वागत संबोधन किया। डीन फैकल्टी ऑफ आर्ट एंड लैंग्वेजेज प्रो अशोक वर्मा ने सम्मेलन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की कन्वीनर डॉ शालिनी ने थीम एवं विषय वस्तु साझा की।उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य वक्ता पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के अंग्रेजी और सांस्कृतिक अध्ययन विभाग से सेवानिवृत्त प्रो राणा नायर ने शिरकत की। उन्होंने लोक-साहित्य एवं पौराणिक कथाओं के मध्य संबंध पर विस्तृत जानकारी दी। इसी सत्र में प्रख्यात लेखिका कोरल दास गुप्ता ने ऑनलाइन माध्यम से सम्मेलन में भाग लेते हुए नेचर नैरेटिवस इन इंडियन माइथोलॉजी पर अपने विचार रखे।

# सात दिवसीय महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का हुआ समापन



■ भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में विधिक सहायता केंद्र द्वारा कुलपति प्रो सुदेश के दिशानिर्देशों के तहत आयोजित सात दिवसीय महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आज समापन हो गया।

(सोनीपत, ऋषि की आवाज राजेश आहूजा) भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में विधिक सहायता केंद्र द्वारा कुलपति प्रो सुदेश के दिशानिर्देशों के तहत आयोजित सात दिवसीय महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आज समापन हो गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो सुदेश ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में छात्राओं की समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने छात्राओं को महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करने की बात भी कही।

कार्यक्रम संयोजक डॉ अलका भारती ने बताया कि समापन समारोह में खरखोदा की एडिशनल सिविल जज डॉ रेणु सोलखे ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। मुख्य वक्ता डॉ रेणु सोलखे ने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों एवं क़ानूनी प्रावधानों के माध्यम से छात्राओं को जागरूक किया। स्वागत संबोधन विधि विभाग की अध्यक्ष डॉ सीमा दहिया ने किया।

इस सात दिवसीय कार्यक्रम में विधि विभाग के लीगल ऐड वॉलंटियर्स ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में छात्राओं को महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया। छात्राओं को साइबर सिक्योरिटी के कानूनी प्रावधानों, पॉक्सो एक्ट, महिलाओं के संपत्ति संबंधी अधिकार आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# डिग्री प्राप्त करने वाली छात्राओं की डिग्री पर पिता के साथ-साथ उनकी माता का नाम भी होंगा दर्ज- कुलपति प्रो सुदेश



**उजाला आज तक**

**गोहाना, 07मार्च (रामनिवास धीमान)** खानपुर कलां स्थित महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से स्थापित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी सम्मान की दिशा में कार्यक्रम का आयोजन कर एक अनूठी पहल की है। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने बताया कि अब महिला विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त करने वाली छात्राओं की डिग्री पर पिता के साथ-साथ उनकी माता का नाम भी दर्ज किया जाएगा। यह शुरूआत विश्वविद्यालय के मई 2023 में पास आउट छात्राओं की डिग्री के साथ की जाएगी। कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि नारी सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध इस विश्वविद्यालय द्वारा यह निर्णय समाज में महिलाओं को एक सम्मानजनक स्थान देने और उनके अति महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करने के लिए लिया गया है। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज, डीन छात्र कल्याण प्रो श्वेता हुड्डा, परीक्षा नियंत्रक डॉ संदीप दहिया, डीन फैकल्टी ऑफ आर्ट एंड लैंग्वेजेज प्रो अशोक वर्मा, डीन फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो रवि भूषण, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो विजय नेहरा, शिक्षा संकाय की डीन डॉ सुमन दलाल, निदेशक जनसंपर्क ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा उपस्थित रहे।

# रिया ने बतौर मुख्य वक्ता प्रभावी रिज्यूम राइटिंग तथा कॅरियर अवसरों बारे दी जानकारी ।



**उजाला आज तक**

**गोहाना, 07मार्च (रामनिवास धीमान)** गाँव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर स्टार्टअप, इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन (सीएसआईआई) और यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट एंड काउंसलिंग सेल (यूपीएसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में कॅरियर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें आईबीएम स्किल हब की रिया ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की और प्रभावी रिज्यूम राइटिंग तथा कॅरियर अवसरों बारे विस्तार से जानकारी दी। रिया ने छात्राओं को कहा कि हमारा रिज्यूम हमें कहीं पर भी नौकरी दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए एक सुव्यवस्थित प्रभावी रिज्यूम का निर्माण करना चाहिए जिससे कि सामने वाले को हमारे बारे में समझने में आसानी हो। उन्होने विद्यार्थियों को कौशल विकास के लिए विभिन्न वेबसाइट्स तथा लिंकडइन आदि एप्स के बारे में जानकारी देते हुए इंटर्नशिप के लिए उपलब्ध वेबसाइट्स तथा एप्स की जानकारी भी छात्राओं के साथ साझा की। इस अवसर पर उन्होंने स्किल हब वेबसाइट के माध्यम से कोर्स करने का डेमो भी विद्यार्थियों को दिया।उन्होंने विभिन्न कॅरियर अवसरों बारे भी बताया। सीएसआईआई की नोडल अधिकारी डॉ अंशु भारद्वाज ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन छात्रा अशली ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद मलिक सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का हुआ समापन



**उजाला आज तक**

**गोहाना, 07मार्च (रामनिवास धीमान)** गाँव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के विधि विभाग के विधिक सहायता केंद्र द्वारा आयोजित सात दिवसीय महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आज समापन हुआ । कार्यक्रम संयोजक डॉ अलका भारती का रहा तथा स्वागत संबोधन विधि विभाग की अध्यक्ष डॉ सीमा दहिया का रहा । इस अवसर पर कुलपति प्रो सुदेश ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में छात्राओं की समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने छात्राओं को महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करने की बात भी कही। समापन समारोह में खरखोदा की एडिशनल सिविल जज डॉ रेणु सोलखे ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत कर महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों एवं कानूनी प्रावधानों के माध्यम से छात्राओं को जागरूक किया। इस सात दिवसीय कार्यक्रम में विधि विभाग के लीगल ऐड वॉलंटियर्स ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में छात्राओं को महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया। छात्राओं को साइबर सिक्योरिटी के कानूनी प्रावधानों, पॉक्सो एक्ट, महिलाओं के संपत्ति संबंधी अधिकार आदि के बारे में जानकारी दी गई। डॉ अलका भारती ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधि विभाग के डॉ. प्रमोद मलिक, डॉ अर्चना मलिक, डॉ अन्नु बाला, डॉ. धीरज सहित अन्य उपस्थित रहे।

7:37

Epaper
epaper.ajitsamachar.com

# डिग्री प्राप्त करने वाली छात्राओं की डिग्री पर पिता के साथ-साथ उनकी माता का नाम भी होगा दर्ज : कुलपति



**माता का नाम भी दर्ज किए जाने की घोषणा करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य।**

गोहाना, 7 मार्च (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से स्थापित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी सम्मान की दिशा में कार्यक्रम का आयोजन कर एक अनूठी पहल की है। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि अब महिला विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त करने वाली छात्राओं की डिग्री पर पिता के साथ-साथ उनकी माता का नाम भी दर्ज किया जाएगा। यह शुरुआत विश्वविद्यालय के मई 2023 में पास आउट छात्राओं की डिग्री के साथ की जाएगी। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि नारी सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध इस विश्वविद्यालय द्वारा यह निर्णय समाज में महिलाओं को एक सम्मानजनक स्थान देने और उनके अति महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करने के लिए लिया गया है। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज, डीन छात्र कल्याण प्रो. श्वेता हुड्डा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया, डीन फैकल्टी ऑफ आर्ट एंड लैंग्वेजेज प्रो अशोक वर्मा, डीन फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो रवि भूषण, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो विजय नेहरा, शिक्षा संकाय की डीन डॉ सुमन दलाल, निदेशक जनसंपर्क ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा उपस्थित रहे।

7:37

Epaper
epaper.ajitsamachar.com

# भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में लोक साहित्य की है अहम भूमिका : कुलपति

गोहाना, 7 मार्च (रामनिवास धीमान): भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में लोक साहित्य की अहम भूमिका है। जरूरत है कि इस अनमोल लोक साहित्य को नई युवा पीढ़ी तक पहुंचाया जाए। यह उद्गार भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश ने आज अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए।



सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि लोक साहित्य को बेहतर ढंग से समझने के लिए ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाना आवश्यक है। उन्होंने लोक साहित्य का सरल भाषा में अनुवाद कर जन-जन तक पहुंचाए जाने की बात भी कही कल्चरल क्रोनिकल्स: पर्सपेक्टिव्स आॅन फोकलोर एंड माइथोलॉजी विषयक इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कुलपति प्रो. सुदेश ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र का संचालन डीन, फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो रवि भूषण ने किया। प्रारंभ में सम्मेलन निदेशक तथा अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. गीता फोगाट ने स्वागत संबोधन किया। डीन फैकल्टी ऑफ आर्ट एंड लैंग्वेजेज प्रो अशोक वर्मा ने सम्मेलन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कन्वीनर डॉ. शालिनी ने थीम एवं विषय वस्तु सांझा की।

7:26 · 73

Epaper
epaper.ajitsamachar.com



परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते हुए निदेशक यूसीसीई, ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा।

# 200 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा में लिया भाग

गोहाना, 7 मार्च (रामनिवास धीमान): भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के डीन, छात्र कल्याण कार्यालय तथा यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कंपीटीटिव एग्जाम (यूसीसीई) के संयुक्त तत्वावधान में सीडीएस एवं अन्य सैन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सुपर-30 सीडीएस फाउंडेशन बैच प्रारंभ किया जाएगा। इस एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए आज प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। कुलपति ने कहा कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को सैन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने में मदद करेगा। डीन, छात्र कल्याण प्रो श्वेता हुड्डा एवं निदेशक यूसीसीई, ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा ने बताया कि 200 विद्यार्थियों ने इस प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के बाद फाउंडेशन बैच प्रारंभ किया जाएगा। डीन, छात्र कल्याण प्रो श्वेता हुड्डा ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत छात्राओं को सैन्य भर्ती की लिखित परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ एसएसबी गाइडेंस दी जाएगी। निदेशक यूसीसीई, ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा ने परीक्षा केंद्रों का दौरा कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रवेश परीक्षा सुचारू रूप से आयोजित की गई।

पंजाब केसरी
FRI,08 MARCH 2024
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

# महिलाओं के प्रति बदली है समाज की सोचः डॉ. रेणु शोलखे

## खरखौदा की न्यायिक दंडाधिकारी पहुंचीं महिला विश्वविद्यालय



डॉ. रेणु शोलखे के साथ प्राध्यापक और छात्राएं। (अरोड़ा)

गोहाना, 7 मार्च (अरोड़ा): जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण और बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय खानपुर के कानूनी सहायता केन्द्र द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता पर 7 दिवसीय कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हुआ। मुख्य वक्ता खरखौदा की न्यायिक दण्डाधिकारी डॉ. रेणु शोलखे रहीं।

डॉ. रेणु शोलखे ने कहा कि आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां महिलाएं आगे न हों। ऐसा इसलिए हो पाया है कि आज की महिलाएं अपने अधिकारों के बारे में जागरूक हुई हैं और महिलाओं के प्रति समाज की सोच में भी बदलाव आया है। आज हर परिवार अपनी बेटी को बेटों के समान अधिकार दे रहा है और उसे शिक्षित करने के लिए हर कदम पर उसका साथ दे रहा है ।

न्यायिक दंडाधिकारी ने कहा कि अगर किसी महिला के साथ कोई शोषण होता है तो इसके खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकती है। उसकी आवाज को हर जगह सुना जाएगा और उसे कानूनी सुरक्षा दी जाएगी।वी.सी. प्रो. सुदेश ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में छात्राओं की समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया।

विधि विभाग के लीगल एड वॉलंटियर्स ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में महिला अधिकार जागरूकता के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आरंभ इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में बी.ए. एलएल.बी. चतुर्थ वर्ष की छात्रा रिद्धि के भाषण से हुआ।उसके बाद छात्र वंशिका एवं पीएच.डी. शोधार्थी रश्मि द्वारा शिक्षा विभाग में साइबर सिक्योरिटी के कानूनी प्रावधानों से अवगत करवाया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अलका भारती, डॉ. सीमा दहिया, डॉ. प्रमोद मलिक, डॉ. अर्चना मलिक, डॉ. अनु बाला, डॉ. धीरज आदि भी मौजूद रहे।

पंजाब केसरी
FRI,08 MARCH 2024
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# छात्राओं की डिग्री पर पिता के साथ होगा मां का भी नाम

गोहाना, 7 मार्च (अरोड़ा): महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से स्थापित बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी सम्मान की दिशा में एक अनूठी पहल की है। अब महिला विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त करने वाली छात्राओं की डिग्री पर पिता के साथ-साथ उनकी माता का नाम भी दर्ज किया जाएगा।

यह शुरूआत विश्वविद्यालय के मई 2023 में पास आऊट छात्राओं की डिग्री के साथ की जाएगी। इस आशय का निर्णय वी.सी. प्रो. सुदेश की अध्यक्षता में आयोजित एक विशेष बैठक में लिया गया।

प्रो. सुदेश ने कहा कि नारी सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध इस विश्वविद्यालय द्वारा यह निर्णय समाज में महिलाओं को एक सम्मानजनक स्थान देने और उनके अति महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करने के लिए लिया गया है। इस अवसर पर प्रो. संकेत विज, प्रो. श्वेता हुड्डा, डॉ. संदीप दहिया, प्रो. अशोक वर्मा, प्रो. रवि भूषण, प्रो. विजय नेहरा, डॉ. सुमन दलाल, डॉ. अनिल बल्हारा आदि मौजूद रहे।

Airtel 4G 2:55 PM

rishi ki awaaz.08.03.2024



# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय से पास होने वाली छात्राओं की डिग्री पर अब लिखा जाएगा माता का नाम



**खानपुर कलां, (ऋषि की आवाज)।** महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से स्थापित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी सम्मान की दिशा में एक अनूठी पहल की है। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने बताया कि अब विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त करने वाली छात्राओं की डिग्री पर पिता के साथ-साथ उनकी माता का नाम भी दर्ज किया जाएगा। यह शुरुआत विश्वविद्यालय से मई 2023 में पास आउट छात्राओं की डिग्री के साथ की जाएगी। इस आशय का निर्णय कुलपति प्रो सुदेश की अध्यक्षता में आयोजित एक विशेष बैठक में लिया गया।

# के बच्चों ने किया भवन

मत उद्यान का भ्रमण

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat - 08 Mar 2024 - Page 1

# रिज्यूम राइटिंग, कॅरियर अवसरों की जानकारी दी

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि, खानपुर कलां के सेंटर फॉर स्टार्टअप, इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन (सीएसआईआई) और यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट एंड काउंसलिंग सेल (यूपीएससी) के संयुक्त तत्वावधान में कॅरियर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आईबीएम स्किल हब की रिया ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की और प्रभावी रिज्यूम राइटिंग तथा कॅरियर अवसरों बारे विस्तार से जानकारी दी। महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने इस आयोजन की सराहना करते हुए आयोजक टीम को शुभकामनाएं दी। रिया ने महिला विश्वविद्यालय की छात्राओं को रिज्यूम के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि हमारा रिज्यूम हमें कहीं पर भी नौकरी दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए एक सुव्यवस्थित प्रभावी रिज्यूम का निर्माण करना चाहिए। जिससे कि सामने वाले को हमारे बारे में समझने में आसानी हो। सीएसआईआई की नोडल अधिकारी डॉ. अंशु भारद्वाज ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम संचालन छात्रा अशली ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद मलिक उपस्थित रहे।

# Super-30 CDS foundation batch to start in BPSMV

TRIBUNE NEWS SERVICE

SONEPAT, MARCH 7

A Super-30 CDS foundation batch will be started for aspirants of CDS and other defence competitive examinations under the joint aegis of dean, Student Welfare Office and University Centre for Competitive Examination (UCCE) of Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya (BPSMV).

An entrance exam was organised today for students willing to take admission in the SSB guidance programme.

Vice-Chancellor Professor Sudesh congratulated the organising team for the training programme.

He said it was aimed at developing the competency skills of students and preparing them for the defence examinations.

**200 APPEARED FOR ENTRANCE EXAM**

- Dean, Student Welfare (DSW), Professor Shweta Hooda said 200 students appeared for the entrance exam
- Under this programme, girl students would be given guidance related to SSB

Professor Shweta Hooda, Dean, Student Welfare (DSW), said 200 students appeared for the entrance exam. Under this programme, girl students would also be given guidance related to SSB, he added.

UCCE Director Lt Colonel Anil Balhara said the entrance examination was smoothly conducted.

# छात्राओं को दी महिला अधिकारों व कानूनों की जानकारी

**गोहाना** | बीपीएस महिला विवि, खानपुर कलां में विधि विभाग के विधिक सहायता केंद्र द्वारा आयोजित महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खरखौदा से एडिशनल सिविल जज डॉ. अलका भारती ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों एवं क़ानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में छात्राओं की समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा दहिया ने छात्राओं को साइबर सिक्योरिटी के कानूनी प्रावधानों, पॉक्सो एक्ट, महिलाओं के संपत्ति संबंधी अधिकार के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विधि विभाग से डॉ. प्रमोद मलिक, डॉ. अर्चना मलिक, डॉ. अन्नु बाला, डॉ. धीरज आदि उपस्थित थे।

# डिग्री पर माता-पिता का नाम भी लिखेगी महिला विवि

**गोहाना** | बीपीएस महिला विवि, खानपुर कलां में छात्राओं को दी जाने वाली डिग्री में अब माता-पिता का नाम भी लिखा होगा। विवि की कुलपति ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि डिग्री पर माता-पिता का नाम लिखने की पहल मई 2023 में उत्तीर्ण हुई छात्राओं की डिग्रियों से की जाएगी। नारी सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए विवि की तरफ से यह निर्णय समाज में महिलाओं को एक सम्मानजनक स्थान देने के लिए लिया गया है। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, डीन छात्र कल्याण प्रो. श्वेता हुड्डा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया, डीन फैकल्टी ऑफ आर्ट एंड लैंग्वेजेज प्रो. अशोक वर्मा, डीन फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो. रवि भूषण, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो. विजय नेहरा, शिक्षा संकाय की डीन डॉ. सुमन दलाल, निदेशक जनसंपर्क डॉ. अनिल बल्हारा आदि उपस्थित थे।


# डिग्री में पिता के साथ माता का भी होगा नाम

**गोहाना।** खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में डिग्री ग्रहण करने वाली छात्राओं की डिग्री पर पिता के साथ माता का नाम भी दर्ज किया जाएगा।



यह घोषणा महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर की। उन्होंने कहा कि यह नारी सम्मान की दिशा में एक अनूठी पहल है। बैठक में कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि नारी सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध इस विश्वविद्यालय की तरफ से यह निर्णय समाज में महिलाओं को एक सम्मानजनक स्थान देने और उनके अति महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करने के लिए लिया गया है। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज, डीन छात्र कल्याण प्रो श्वेता हुड्डा, परीक्षा नियंत्रक डॉ संदीप दहिया, प्रो रवि भूषण मौजूद रहे। संवाद

# सांस्कृतिक विरासत में साहित्य की अहम भूमिका



गोहाना। खानपुर क़लां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में वीरवार को अंग्रेजी विभाग की तरफ से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन किया गया। इसमें कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में लोक साहित्य की अहम भूमिका है। कहा कि जरूरत है कि इस अनमोल लोक साहित्य को नई युवा पीढ़ी तक पहुंचाया जाए। लोक साहित्य को बेहतर ढंग से समझने के लिए ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाने आवश्यक है। कुलपति ने लोक साहित्य का सरल भाषा में अनुवाद कर जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। उद्घाटन सत्र का संचालन डीन, फैकल्टी ऑफ सोशल साइंस प्रो. रवि भूषण ने किया। मुख्य वक्ता पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के अंग्रेजी और सांस्कृतिक अध्ययन विभाग से सेवानिवृत्त प्रो. राणा नायर ने लोक-साहित्य एवं पौराणिक कथाओं के मध्य संबंध पर विस्तार से जानकारी दी। इसी सत्र में लेखिका कोरल दास गुप्ता ने ऑनलाइन माध्यम से सम्मेलन में भाग लेते हुए नेचर नैरेटिव इन इंडियन माइथोलॉजी पर अपने विचार रखे। संवाद



परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते हुए निदेशक यूसीसीई, ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा।

# 200 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा में लिया भाग

गोहाना, 7 मार्च (रामनिवास धीमान): भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के डीन, छात्र कल्याण कार्यालय तथा यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कंपीटीटिव एग्जाम (यूसीसीई) के संयुक्त तत्वावधान में सीडीएस एवं अन्य सैन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सुपर-30 सीडीएस फाउंडेशन बैच प्रारंभ किया जाएगा। इस एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए आज प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। कुलपति ने कहा कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को सैन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने में मदद करेगा। डीन, छात्र कल्याण प्रो श्वेता हुड्डा एवं निदेशक यूसीसीई, ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा ने बताया कि 200 विद्यार्थियों ने इस प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के बाद फाउंडेशन बैच प्रारंभ किया जाएगा। डीन, छात्र कल्याण प्रो श्वेता हुड्डा ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत छात्राओं को सैन्य भर्ती की लिखित परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ एसएसबी गाइडेंस दी जाएगी। निदेशक यूसीसीई, ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा ने परीक्षा केंद्रों का दौरा कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रवेश परीक्षा सुचारू रूप से आयोजित की गई।

अजीत समाचार 08-Mar-2024
Page: 12

उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार

http://www.ajitsamachar.com/20240308/27/12/1_1.cms

# भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में लोक साहित्य की है अहम भूमिका : कुलपति

गोहाना, 7 मार्च (रामनिवास धीमान): भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में लोक साहित्य की अहम भूमिका है। जरूरत है कि इस अनमोल लोक साहित्य को नई युवा पीढ़ी तक पहुंचाया जाए। यह उद्गार भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश ने आज अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए।



**सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।**

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि लोक साहित्य को बेहतर ढंग से समझने के लिए ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाना आवश्यक है। उन्होंने लोक साहित्य का सरल भाषा में अनुवाद कर जन-जन तक पहुंचाए जाने की बात भी कही। कल्चरल क्रोनिकल्स: पर्सपेक्टिव्स ऑन फोकलोर एंड माइथोलॉजी विषयक इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कुलपति प्रो. सुदेश ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र का संचालन डीन, फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो रवि भूषण ने किया। प्रारंभ में सम्मेलन निदेशक तथा अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. गीता फोगाट ने स्वागत संबोधन किया। डीन फैकल्टी ऑफ आर्ट एंड लैंग्वेजेज प्रो अशोक वर्मा ने सम्मेलन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कन्वीनर डॉ. शालिनी ने थीम एवं विषय वस्तु सांझा की।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
08-Mar-2024
Page: 10
http://www.ajitsamachar.com/20240308/27/10/1_1.cms

# डिग्री प्राप्त करने वाली छात्राओं की डिग्री पर पिता के साथ-साथ उनकी माता का नाम भी होगा दर्ज : कुलपति



माता का नाम भी दर्ज किए जाने की घोषणा करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य।

गोहाना, 7 मार्च (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से स्थापित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी सम्मान की दिशा में कार्यक्रम का आयोजन कर एक अनूठी पहल की है। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि अब महिला विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त करने वाली छात्राओं की डिग्री पर पिता के साथ-साथ उनकी माता का नाम भी दर्ज किया जाएगा। यह शुरुआत विश्वविद्यालय के मई 2023 में पास आउट छात्राओं की डिग्री के साथ की जाएगी। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि नारी सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध इस विश्वविद्यालय द्वारा यह निर्णय समाज में महिलाओं को एक सम्मानजनक स्थान देने और उनके अति महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करने के लिए लिया गया है। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज, डीन छात्र कल्याण प्रो. श्वेता हुड्डा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया, डीन फैकल्टी ऑफ आर्ट एंड लैंग्वेजेज प्रो अशोक वर्मा, डीन फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो रवि भूषण, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो विजय नेहरा, शिक्षा संकाय की डीन डॉ सुमन दलाल, निदेशक जनसंपर्क ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा उपस्थित रहे।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
08-Mar-2024
Page: 10
http://www.ajitsamachar.com/20240308/27/10/1_1.cms

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat - 08 Mar 2024 - Page 4

## भगत फूल सिंह महिला विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

# लोक साहित्य को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं



गोहाना। दीप प्रज्ज्वलित कर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में लोक साहित्य की अहम भूमिका है। जरूरत है कि इस अनमोल लोक साहित्य को नई युवा पीढ़ी तक पहुंचाया जाए। यह उद्गार भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश ने गुरुवार को अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि लोक साहित्य को बेहतर ढंग से समझने के लिए ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाना आवश्यक है। उन्होंने लोक साहित्य का सरल भाषा में अनुवाद कर जन-जन तक पहुंचाए जाने की बात भी कही। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कल्चरल क्रोनिकल्स : पर्सपेक्टिव्स ऑन फोकलोर एंड माइथोलॉजी विषयक पर आधारित था। संचालन डीन, फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो. रवि भूषण ने किया। अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. गीता फोगाट ने स्वागत संबोधन किया। डीन फैकल्टी ऑफ आर्ट एंड लैंग्वेजेज प्रो. अशोक वर्मा ने रूपरेखा पर प्रकाश डाला और कन्वीनर डॉ. शालिनी ने विषय वस्तु साझा की। मुख्य वक्ता पंजाब विवि, चंडीगढ़ के अंग्रेजी और सांस्कृतिक अध्ययन विभाग से सेवानिवृत्त प्रो. राणा नायर रहे। सम्मेलन में मोहनलाल सुखाड़िया विवि, उदयपुर से प्रो. सीमा मलिक, यूनिवर्सिटी ऑफ रोम, टोर वगार्ता, इटली की प्रो. एलिसाबेट्टा मारिनो, यूनिवर्सिटी कॉलेज, डबलिन, आयरलैंड की डॉ. केली ने भी अपने विचार व्यक्त किए। देश भर से आए प्रतिभागी, विभाग के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में छाई रितु



सोनीपत। टेकू राम आर्य महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण विषय पर संयोजक डॉ. ऊषा दहिया द्वारा पेंटिंग बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में रितु प्रथम, निकिता द्वितीय और मुस्कान तृतीय रही। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह ने पुरस्कृत करके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रो. रितु, प्रो. प्रीति व प्रो. ज्योति मलिक ने निभाई। प्रतियोगिता के आयोजन में सहयोगी की भूमिका डॉ. निधि व प्रो. सुप्रिया ने निभाई।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat - 08 Mar 2024 - P

# आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं महिलाएं : डॉ. रेणु

**गोहाना।** बीपीएस महिला विवि खानपुर कलां में महिला सशक्तिकरण एवं महिला अधिकारों को लेकर आयोजित 7 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण व भगत फूल सिंह के कानूनी सहायता केन्द्र द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। मुख्य वक्ता उपमंडल खरखौदा की न्यायिक दण्डाधिकारी डॉ0. रेणु शोलखे ने कहा कि आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां महिलाएं आगे न हों।